पत्र सं०–6 एस०एस०(6)85/2025– 112/

# बिहार सरकार
# डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

**अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

पटना–15, दिनांक–07/01/2026.

**द्वारा :–** **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

**विषय :–** **पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों में उपयोग के लिए फर्नीचर क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" के तहत कुल रुपये 2,17,25,482/– (दो करोड़ सत्रह लाख पच्चीस हजार चार सौ बयासी) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों में उपयोग के लिए फर्नीचर क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" के तहत कुल रुपये 2,17,25,482/– (दो करोड़ सत्रह लाख पच्चीस हजार चार सौ बयासी) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी– ''क'', ''ख'' एवं ''ग'' के रूप में संलग्न।

2. पशुपालन निदेशालय के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों से कार्यालय कार्य के सुगमतापूर्वक संचालन हेतु नये फर्नीचर यथा–कुर्सी, टेबल, आलमीरा इत्यादि की माँग की जाती रही है। नये फर्नीचरों के उपयोग से पदाधिकारियों/कर्मियों को कार्य करने हेतु बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होगी, जिससे उनकी उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

3. परियोजना निदेशक, बिहार लाईवस्टॉक डेवलपमेन्ट एजेन्सी (बी०एल०डी०ए०), पटना के पत्रांक बी०एल०डी०ए०–131/2025–1961, दिनांक–08.12.2025 के द्वारा सूचित किया गया है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना, पशु चिकित्सा परिषद, पटना, जिला पशुपालन पदाधिकारी, पटना, जिला पशुपालन पदाधिकारी, नालन्दा एवं क्षेत्रीय निदेशालय, पशुपालन केन्द्रीय क्षेत्र, पटना से फर्नीचर संबंधी मांग पत्र दिया गया है। उक्त मांग पत्र में अधियाचित सामग्रियों के लिए कुल राशि रुपये 2,17,25,482/– (दो करोड़ सत्रह लाख पच्चीस हजार चार सौ बयासी) मात्र की आवश्यकता है। निविदा

के माध्यम से Premier Co., Patna के साथ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के लिए Rate Contract किया गया है।

4. योजना कार्यान्वयन हेतु प्रस्तावित राशि की एकमुश्त अग्रिम निकासी विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना के द्वारा पटना समाहरणालय कोषागार, पटना से की जायेगी एवं परियोजना निदेशक, बिहार लाईवस्टॉक डेवलपमेन्ट एजेन्सी (बी०एल०डी०ए०), पटना को पी०एल० खाता (संख्या–PBBPLA028) में उपलब्ध कराया जायेगा।

5. परियोजना निदेशक, बी०एल०डी०ए० के द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्रियों की वास्तविक आवश्यकता का आकलन करते हुए बिहार वित्त नियमावली एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का क्रय किया जायेगा तथा सभी संबंधितों को उपलब्ध कराया जायेगा। क्रय की गयी सामग्रियों के भंडार पंजी में प्रविष्टि एवं अन्य नियमानुकूल औपचारिकताओं को पूर्ण कराये जाने के उपरान्त राशि का नियमानुसार व्यय करते हुये उपयोगिता प्रमाण पत्र विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा।

6. विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना के द्वारा महालेखाकार, बिहार के कार्यालय से उपयोगिता प्रमाण पत्र का समायोजन कराया जायेगा एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन पशुपालन निदेशालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

7. वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रस्तावित योजना के तहत होने वाले व्यय का विकलन निम्नांकित बजट शीर्ष से किया जायेगा :–

   i) मुख्य शीर्ष 2403–पशुपालन, उपमुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 101–पशु चिकित्सा सेवाएँ तथा पशु स्वास्थ्य, मांग संख्या–02, उप शीर्ष 0108–पशु संसाधनों का विकास एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन–सात निश्चय–2, विपत्र कोड– 02–2403001010108

   ii) मुख्य शीर्ष 2403–पशुपालन, उपमुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक, मांग संख्या–02, उप शीर्ष 0112–पशु संसाधनों का विकास एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन–सात निश्चय–2, विपत्र कोड– 02–2403007890112

   iii) मुख्य शीर्ष 2403–पशुपालन, उपमुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, मांग संख्या–02, उप शीर्ष 0131–पशु संसाधनों का विकास एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन–सात निश्चय–2, विपत्र कोड–02–2403007960131

8.. वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रस्तावित योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" अन्तर्गत सभी विपत्र कोड के तहत 3106–सहायक अनुदान–गैर वेतन विषय शीर्ष में पर्याप्त बजट उपबंध उपलब्ध है। योजना की विस्तृत व्यय विवरणी अनुलग्नक– "क", ''ख'' एवं ''ग'' के रूप में संलग्न है।

9. इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना होंगे।

10. निदेशक, पशुपालन का यह भी दायित्व होगा कि वित्त विभागीय संकल्प–573, दिनांक–16.01.1975 एवं एम०–04–15/2009–9736 वि०–2, दिनांक–19.10.2011 के अनुसार सहायक अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र राज्यादेश निर्गत होने की तिथि से 18 माह के अन्दर विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा तथा व्यय को स्वीकृत राशि के अन्तर्गत सीमित रखा जायेगा।

11. दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका सं०–6 एस०एस०(6)85/2025 के पृष्ठ 12–11/प०.

12. दिनांक–26.12.2025 को सम्पन्न स्कीम स्क्रीनिंग समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका–6 एस०एस०(6)85/2025 के पृष्ठ 25–24/प०.

13. चूँकि यह आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2 के तहत एक नई योजना है। योजना का लागत मूल्य रुपये 5.00 करोड़ से कम है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प–12888, दिनांक– 03.12.2024 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6)85/2025 के पृष्ठ–12/टि० दिनांक–29.12.2025.

14. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6)85/2025 के पृष्ठ–12/टि० तथा डायरी सं०–शून्य, दिनांक–29.12.2025.

15. वित्त विभागीय पत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से राशि की निकासी हेतु प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन

6/1/26

(गीता सिंह)
सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा/बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/1/26

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ कोषागार पदाधिकारी, पटना समाहरणालय कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना/परियोजना निदेशक, बी०एल०डी०ए०, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ पशुपालन निदेशालय के बजट शाखा, लेखा शाखा एवं योजना शाखा, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपि :– अनुलग्नक की प्रति के साथ महालेखापरीक्षा नियंत्रक, महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/योजना शाखा–6 के कार्यवाह सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांक–6 एस०एस०(6)85/2025– 112 /पटना–15, दिनांक– 07/01/2026.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के विशेष सचिव

# व्यय विवरणी–"क"

वित्तीय वर्ष 2025–26 में "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" के तहत पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों में उपयोग के लिए फर्नीचर क्रय की योजना के सफल कार्यान्वयन पर होने वाले व्यय की विवरणी।

**सामान्य घटक (विपत्र कोड 02–2403001010108)**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र० | मद का नाम | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1. | 0108.3106 –सहायक अनुदान–गैर वेतन | 162.94 | विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना। | पटना समाहरणालय कोषागार, पटना। |
| **कुल :–** | | **162.94** | | |

(रुपये एक करोड़ बासठ लाख चौरानवे हजार मात्र)

6/1/26

सरकार के विशेष सचिव

112
07/01/26

## व्यय विवरणी–"ख"

वित्तीय वर्ष 2025–26 में "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" के तहत पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों में उपयोग के लिए फर्नीचर क्रय की योजना के सफल कार्यान्वयन पर होने वाले व्यय की विवरणी।

**<u>अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक (विपत्र कोड 02–2403007890112)</u>**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र० | मद का नाम | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1. | 0112.3106 –सहायक अनुदान–गैर वेतन | 43.20482 | विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना। | पटना समाहरणालय कोषागार, पटना। |
| | **कुल :–** | **43.20482** | | |

(रुपये तैंतालिस लाख बीस हजार चार सौ बयासी मात्र)

112
07/01/26

सरकार के विशेष सचिव

## व्यय विवरणी–"ग"

वित्तीय वर्ष 2025–26 में "आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2" के तहत पशुपालन निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/पशु चिकित्सालयों में उपयोग के लिए फर्नीचर क्रय की योजना के सफल कार्यान्वयन पर होने वाले व्यय की विवरणी।

**जनजातीय क्षेत्र उपयोजना (विपत्र कोड 02–2403007960131)**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र० | मद का नाम | स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1. | 0131.3106 –सहायक अनुदान–गैर वेतन | 11.11 | विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सिमेन बैंक–सह–बुल स्टेशन, पटना। | पटना समाहरणालय कोषागार, पटना। |
| **कुल :–** | | **11.11** | | |

(रुपये ग्यारह लाख ग्यारह हजार मात्र)

**व्यय का सारांश**

| क्र०सं० | व्यय विवरणी | राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | व्यय विवरणी–"क" | 162.94000 |
| 2. | व्यय विवरणी–"ख" | 43.20482 |
| 3. | व्यय विवरणी–"ग" | 11.11000 |
| **कुल योग :–** | | **217.25482** |

(रुपये दो करोड़ सत्रह लाख पच्चीस हजार चार सौ बयासी मात्र)

सरकार के विशेष सचिव

112
07/01/26